रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां) : (क) जी नहीं ।

(ख) जी हां । यात्रियों का सामान चढ़ाने-उतारने के लिये जिन लाइसेंसदार भारिकों को सीधे रेल-प्रशासन लाइसेंस देते हैं वे दिल्ली और नयी दिल्ली थित रेलवे अस्पतालों सहित अन्य सभी रेलवे अस्पतालों के बाहरी रोगी विभाग (out-patient department) में मुफ्त इलाज करा सकते हैं । यह सुविधा सिर्फ उन्हीं भारिकों को दी जाती है उनके परिवार के सदस्यों को नहीं ।

(ग) और (घ). सवाल नहीं उठता

फ्लाइंग क्लब विमान की दुर्घटना

२३४१. { **श्री राम हरख यादव :**
श्री ओंकार लाल बेरवा :

क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ७ अप्रैल, १९६४ को पटना में बिहार फ्लाइंग क्लब का २ इंजन वाला प्रशिक्षण विमान रानी घाट के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया;

(ख) यदि हां, तो उसमें कितने आदमी मारे गये; और

(ग) दुघटना का क्या कारण था ?

परिवहन मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मोहिउद्दीन) : (क) से (ग). ७ अप्रैल, १९६४ को पटना के पास गंगा नदी में बिहार फलाइंग क्लब द्वारा चलाया जाने वला एक इंजन वाला डी हैवीलैण्ड चिपमंक हवाई जहाज दुर्घटनाग्रस्त हो गया । हवाई जहाज में सिर्फ स्टूडेण्ट पायलट था जो मर गया । हादसे की जांच की जा रही है ।

भोपाल रेलवे स्टेशन

२३४२. { **श्रीमती जोहराबहिन चावड़ा :**
श्री धुलेश्वर मीना :
श्री नी० रं० लास्कर :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भोपाल में नये रेलवे स्टेशन भवन को बने कितना अरसा हुआ और उसमें कुल कितना रुपया लगा;

(ख) क्या यह सच है कि दो वर्षों में ही उस भवन में बहुत-सी निर्माण संबंधी भारी खराबियां पैदा हो गयी हैं, मसलन दीवारों का फटना, प्लास्टर उखड़ना, छत का फटना, लेवेटरी का पानी शाकाहारी भोजनालय में गिरना; और

(ग) यदि हां, तो इसके निर्माण के लिए जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गयी और मरम्मत में कितना रुपया व्यय होने का अनुमान है ?

रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां) : (क) भोपाल स्टेशन की इमारत फिर से नहीं बनायी गयी है । पुरानी इमारत में विभिन्न चरणों में केवल कुछ जोड़-बदल किया गया है, जैसा कि नीचे दिये गये विवरण में बताया गया है । जोड़-बदल का अन्तिम चरण अगस्त, १९६२ में समाप्त हुआ इस काम की कुल अनुमानित लागत ११.९७। लाख रुपये है ।

(ख) इस काम को पूरा हो जाने के बाद इमारत में निर्माण-सम्बन्धी कोई खराबी नहीं पायी गयी । लेकिन सिकुड़न की वजह से कहीं-कहीं चिटकनें दिखायी पड़ीं ।

(ग) ये चिटकनें निर्माण-सम्बन्धी खराबियों के कारण नहीं पड़ी थीं । इसलिए इस काम के किसी कार्यभारी कर्मचारी को इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया गया । मरम्मत के काम पर लगभग ७०० रुपये खर्च हुए ।

विवरण

भोपाल स्टेशन की इमारत में सुधार का काम निम्नलिखित चरणों में किया गया :—

चरण १—नये पार्सल घर, विचरण क्षेत्र (circulating area) आदि की व्यवस्था। लागत ३.५ लाख रुपये।

चरण २—प्लेटफार्म पर छत, ऊपरी पैदल पुल, स्टेशन की इमारत में जोड़-बदल और तीसरे दर्जे के प्रतीक्षालय की व्यवस्था। लागत ३.०५ लाख रुपये।

चरण ३—स्टेशन की वर्तमान इमारत में जोड़-बदल, आर० सी० सी० छत की व्यवस्था, तीसरे दर्जे के प्रतीक्षालय का विस्तार आदि। लागत ३.६५ लाख रुपये।

चरण ४—स्टेशन की नवीकृत इमारत पर पहली मंजिल का निर्माण जिसमें विश्रामालय, पर्यटकों के लिए प्रतीक्षालय कक्ष आदि की व्यवस्था शामिल है। लागत १.७७ लाख रुपये।

डाकघर

२३४३. { **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री शिकरे :

क्या **डाक तथा तार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) १९६४ में देश में कितने नये डाकघर खोलने का विचार है; और उन में से उतर प्रदेश में कितने खोले जायेंगे;

(ख) इन डाकघरों में से ग्रामों में कितने खोले जायेंगे; और

(ग) गांव की जनसंख्या कम से कम कितनी होने पर वहां डाकघर खोला जाता है ?

डाक तथा तार विभाग में उपमंत्री (श्री भगवती) : (क) डाकघर खोलने के लक्ष्य वित्तीय वर्ष के अनुसार निर्धारित किये जाते हैं, केलेण्डर वर्ष के अनुसार नहीं। १९६४-६५ के दौरान जिन डाकघरों को खोलने का प्रस्ताव है उनकी संख्या इस प्रकार है :—

(१) देश में	. .	४,०५२
(२) उत्तर प्रदेश में	.	४५०
(ख)		
(१) देश में	.	३,७९७
(२) उत्तर प्रदेश में	.	४२३

(ग) गांव में डाकघर खोलना जनसंख्या के आधार पर नहीं बल्कि वित्तीय सीमाओं के आधार पर, जहां तक कि कुछ निर्धारित शर्तों के अन्तर्गत हानि सही जा सकती है, न्यायोचित ठहराया जाता है।

Air-India Employees

2344. { **Shri Indrajit Gupta:**
Shrimati Renu Chakravartty:
Shri S. M. Banerjee:

Will the Minister of **Transport** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that an extra month's wages have been sanctioned for Air-India's employees for 1962-63;

(b) if so, whether this amount is an *ex-gratia* payment or a bonus;

(c) whether it will be paid to all Air-India employees serving outside India also and to plane crews; and

(d) if not, the reasons therefor?

The Deputy Minister in the Ministry of Transport (Shri Mohiuddin): (a) to (d). Government have approved of payment of an *ex-gratia ad hoc* performance award to the employees of the Air-India for the year 1962-63 on the following conditions:

(a) Payment equal to one month's pay plus dearness allowance would